छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
शैक्षणिक सत्र 2020–21 माह अक्टूबर
असाइनमेंट–2
कक्षा – दसवीं
विषय – हिन्दी

पूर्णांक–20

निर्देश :– दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिए :–

Instruction:- Please attempt the questions as per given instructions.

प्रश्न 1 ''सब का दुख अलग–अलग होता है'' 'अपनी–अपनी बीमारी' पाठ के आधार पर दुख के अनुभव कोई तीन बिंदु में लिखिए।

अंक–3 शब्दसीमा–50–75

प्रश्न 2 (अ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए।

अंक (2+2=4) शब्दसीमा–75–100

01. हवा में ताज उड़ना
02. चेहरा खिल उठना

(ब) रामधारी सिंह दिनकर ने मिट्टी तोड़ने वालों और खेतों में काम को देवता क्यों कहा है?

प्रश्न 3 बांध, सड़क व अन्य सरकारी निर्माण कार्य होने पर स्थानीय लोगों को किस–किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है? इस प्रकार के विकास कार्यों के क्या–क्या फायदे होते हैं? अपने विचार 'माटीवाली' पाठ के आधार पर लिखिए।

अंक–4 शब्दसीमा–75–100

प्रश्न 4 (अ) घीसा कक्षा लगने के पूर्व क्या–क्या तैयारी करता था?

(ब) महादेवी वर्मा को अन्य विद्यार्थियों की अपेक्षा घीसा ही क्यों याद रहा?

अंक (2+2=4) शब्दसीमा–75–100

प्रश्न 5 अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

अंक–5 शब्दसीमा–100–150

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल मेें बालक में जो संस्कार पड़ जाते है, जीवन भर वहीं संस्कार अमिट रहते हैं। इसलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सृदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है, तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है, तो उसे ज्ञान मिलता है। उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और स्वाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में, जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के सांचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन–जिन गुणों की आवश्यकता है, उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहां पर अपने साथियों के बीच रहकर, वे सभी गुण का आ जाना आवश्यक है, जिनकी विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यता होती है।

प्रश्न 1 जीवन की आधारशिला किस काल को कहा जाता है?

प्रश्न 2 गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

प्रश्न 3 मानव जीवन के लिए विद्यार्थी जीवन का महत्व स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 4 छोटे वृक्ष के पोषण का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है और क्यों?

प्रश्न 5 विद्यार्थी जीवन की तुलना पाठशाला से क्यों की गई है?